# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, बुधवार 31 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-299

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुरी को अगस्ता वेस्टलैंड सौदे में दोनों मध्यस्थों से पैसा मिला : ईडी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रतन पुरी को अगस्ता वेस्टलैंड सौदे में दोनों मध्यस्थों से रुपये मिले थे। पुरी द्वारा दायर की गई अग्रिम जमानत याचिका के जवाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह कहा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार के समक्ष दाखिल अपने जवाब में एजेंसी ने कहा, जांच में खुलासा हुआ कि रतन पुरी को दोनों मध्यस्थों- इंटरस्टेलर टैक्नोलॉजी और क्रिश्चियन मिशेल से रुपये मिले हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि पुरी का संबंध सुशेन मोहन गुप्ता से है। ईडी ने कहा, सुशेन मोहन गुप्ता की डायरी में प्रविष्टियों से इसका पता चला है। एजेंसी ने आगे आरोप लगाया कि पुरी ने भले ही यह दावा किया है कि उसने गवाहों को प्रभावित नहीं किया, लेकिन वह आरोपी से गवाह बने राजीव सक्सेना से संपर्क में था। पुरी द्वारा उसे लंच (दोपहर का भोजन) और एक संक्षिप्त बैठक करने की अनुमति मिलने के दावों को खारिज करते हुए ईडी ने दावा किया कि उसे ऐसी कोई अनुमति नहीं दी गई थी।

### ट्रंप के उम्मीदवार से खुफिया एजेंसियों के राजनीतिकरण की चिंता बढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में खुफिया सेवाओं से जुड़े विशाल समुदाय की जिम्मेदारी सीमित अनुभव वाले किसी सांसद को देने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले ने राष्ट्र सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों के संभावित राजनीतिकरण को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। ट्रंप ने नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक डेन कोट्स के स्थान पर रिपब्लिकन प्रतिनिधि जॉन रैटक्लिफ को इस पद के लिए नामित किए जाने की रविवार को घोषणा की थी। कोट्स उन 17 एजेंसियों के समन्वयन का कार्य देखते हैं जिससे मिल कर अमेरिकी का विशाल खुफिया तंत्र खड़ा होता है। कोट्स अपना 24 माह का कार्यकाल पूरा करने के बाद यह पद छोड़ेंगे। इस दौरान ट्रंप ने नियमित तौर पर खुफिया प्रमुखों को निशाना बनाया या कमतर आंका है तथा उन्हें सूचनाओं से वंचित रखा, खासकर रूस के साथ संबंधों को लेकर अपनी योजना के बारे में। हालांकि कोट्स की रवानगी चौंकाने वाली नहीं है लेकिन रैटक्लिफ को चुने जाने से सांसदों में चिंता है।

### 100वां युद्ध पोत विशाखापत्तनम में एलसीयूएल-56 में शामिल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन, फ्लैग ऑफिसर कमान्डिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान ने आज विशाखापत्तनम में एलसीयू एल-56 में फाइट लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटि (एलसीयू) श्रेणी के छठे मार्क-4 को शामिल किया। यह युद्ध पोत कलकत्ता स्थित मिनी रत्न श्रेणी-1 तथा देश का अग्रणी पोत कारखाना गार्डेन रिच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) का 100वां युद्ध पोत है। एलसीयू मार्क- 4 का प्रमुख कार्य जहाज से तट तक तथा प्रमुख लड़ाकू टैंकों, बख्तरबंद गाड़ियों, टुकड़ियों और उपकरणों को ले जाना है। ये युद्ध पोत अंडमान एवं निकोबार कमांड में है और इसकी तैनाती किनारे के संचालन, बचाव राहत कार्य, आपदा राहत कार्य, आपूर्ति तथा भरपाई और दूर के द्वीपों से निकासी में की जाती है। इस युद्ध पोत में 216 कर्मी रह सकते हैं। यह लैंडिंग कार्य के दौरान तोप दागने में सहायक दो स्वदेशी सीआरएन 91 तोपों से लैस है। इसमें अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं और एकीकृत ब्रीज प्रणाली (आईबीएस) तथा एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) जैसी अग्रिम प्रणालियां लगाई गई है। एलसीयू मार्क 4 युद्ध पोत में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशीकरण के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के अनुरूप 90 प्रतिशत कलपुर्जे स्वदेशी हैं। एलसीयू मार्क 4 युद्ध पोत भारतीय नौसेना द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मार्क 3 एलसीयू जहाजों के उन्नत संस्करण हैं।

# 2018 में दुनिया भर में हिंसक संघर्षों में 12000 बच्चे मारे गए

**» यूएन रिपोर्ट से खुलासा**



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि पिछले साल विश्व के अलग-अलग हिस्सों में हुए सशस्त्र संघर्षों में 12,000 से अधिक बच्चे मारे गए या घायल हुए। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे अफगानिस्तान, सीरिया और यमन में हताहत हुए। रिपोर्ट में बताया कि ये मौतें या चोट पहुंचाना बच्चों के खिलाफ होने वाले उन 24,000 से अधिक क्रूर हिंसा में शामिल हैं जिनकी संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की है। इनमें लड़कों द्वारा बच्चों का इस्तेमाल किया जाना या उनकी नियुक्ति करना, यौन हिंसा, अपहरण और स्कूलों एवं अस्पतालों पर हमले शामिल हैं। यूएन महासचिव एंतोनियो गुतारेस की बच्चों एवं सशस्त्र संघर्षों पर सुरक्षा परिषद को सौंपी गई वार्षिक रिपोर्ट में कई और चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं। सरकारें भी कर रही हैं बच्चों पर बल प्रयोग रिपोर्ट के मुताबिक, सशस्त्र समूहों द्वारा किए जाने वाले अपराध नियमित तौर पर हो रहे हैं। इसके साथ ही सरकार एवं अंतराष्ट्रीय बलों द्वारा किए जाने वाले अपराधों की संख्या में खतरनाक वृद्धि देखी गई है। बच्चों के खिलाफ क्रूर अपराध करने वाले देशों को संयुक्त राष्ट्र की काली सूची में शामिल किया गया है, लेकिन इस सूची में अब भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट पर मानवाधिकार के क्षेत्र में काम करनेवाली कई संस्थाओं में भारी नाराजगी है।

## डिस्कवरी के मशहूर शो मैन वर्सेज वाइल्ड में नजर आएंगे पीएम मोदी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दुनियाभर में लोकप्रियता के शिखर पर पहुंच चुके पीएम नरेन्द्र मोदी जल्द ही डिस्कवरी चैनल के मशहूर शो मैन वर्सेज वाइल्ड में भी नजर आएंगे। यह जानकारी इंटरनैशनल टाइगर्स डे के मौके पर शो के स्टार बेयर ग्रिल्स ने अपने ट्विटर अकाउंट पर दी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत में वन्य जीव संरक्षण के लिए किए उपायों को लेकर उन्होंने खास कार्यक्रम शूट किया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी मशहूर शो प्रजेंटेटर से भारत की विशाल प्राकृतिक विविधता और प्रकृति संरक्षण उपायों पर भी चर्चा करते नजर आएंगे। बेयर ग्रिल्स ने ट्वीट किया, 180 देशों के लोग जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनदेखे पहलू से परिचित होंगे। पीएम मोदी भारतीय वन्य जीवन में दिखेंगे कि कैसे भारत में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान और भौगोलिक परिवर्तनों के लिए काम हो रहा है। मैन वर्सेस वाइल्ड में मेरे साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिस्करी पर 12 अगस्त को देखें। वीडियो में प्रधानमंत्री का बिल्कुल अलंग अंदाज नजर आ रहा है।

## जेल में ही रहेगा निशांत अग्रवाल, जमानत याचिका खारिज

**» ब्रह्मोस जासूसी कांड**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जासूसी के मामले में जेल में बंद ब्रह्मोस एयरोस्पेस के इंजीनियर निशांत अग्रवाल की जमानत याचिका नागपुर जिला अदालत ने खारिज कर दी है. अग्रवाल पर संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' को देने का आरोप है.

नागपुर जिला अदालत में पिछले महीने दायर की गई अपनी याचिका में अग्रवाल ने कहा था कि उसके पास कभी ऐसी कोई खुफिया जानकारी नहीं रही. जिला एवं सत्र अदालत के न्यायाधीश एफ.एम अली ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी.

उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने एक संयुक्त अभियान में नागपुर में ब्रह्मोस एयरोस्पेस केन्द्र में वरिष्ठ सिस्टम इंजीनियर अग्रवाल को 8 अक्टूबर 2018 को गिरफ्तार किया था. ब्रह्मोस एयरोस्पेस रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस के सैन्य औद्योगिक कंसोर्टियम (एनपीओ माशिनोस्त्रोयेनिया) का एक साझा उद्यम है.

अभियोजन पक्ष के वकील नितिन तेलगोटे ने पिछले सप्ताह अदालत को बताया था कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया सबूत है. तेलगोटे ने दलील दी थी कि ब्रह्मोस की संवेदनशील जानकारी अग्रवाल के लैपटॉप और हार्ड डिस्क में थी.

## कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी पर आयकर की बड़ी कार्रवाई

**» 254 करोड़ के बेनामी शेयर जब्त**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही। आयकर विभाग के अधिकारी ने बताया कि रतुल पुरी के नाम रखे 254 करोड़ रुपये के बेनामी शेयर जब्त किए गए हैं।

रतुल पुरी को अगस्ता वेस्टलैंड सौदे में दोनों मध्यस्थों से रुपये मिले थे। यह जानकारी पुरी द्वारा दायर की गई अग्रिम जमानत याचिका के जवाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दी।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार के समक्ष दाखिल अपने जवाब में एजेंसी ने कहा, जांच में खुलासा हुआ कि रतन पुरी को दोनों मध्यस्थों- इंटरस्टेलर टैक्नोलॉजी और क्रिश्चियन मिशेल से रुपए मिले हैं।

ईडी ने आरोप लगाया कि पुरी का संबंध सुशेन मोहन गुप्ता से है। ईडी ने कहा, सुशेन मोहन गुप्ता की डायरी में प्रविष्टियों से इसका पता चला है। एजेंसी ने आगे आरोप लगाया कि पुरी ने भले ही यह दावा किया है कि उसने गवाहों को प्रभावित नहीं किया, लेकिन वह आरोपी से गवाह बने राजीव सक्सेना से संपर्क में था।

पुरी द्वारा उसे लंच और एक संक्षिप्त बैठक करने की अनुमति मिलने के दावों को खारिज करते हुए ईडी ने दावा किया कि उसे ऐसी कोई अनुमति नहीं दी गई थी। सोमवार तड़के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार पुरी को मिली अंतरिम राहत बढ़ा दी और मामले की सुनवाई मंगलवार अपराह्न 12 बजे तय कर दी। अगस्ता वेस्टलैंड सौदे में अपनी कंपनियों के माध्यम से कथित रूप से रिश्वत लेने के मामले में पुरी जांच एजेंसियों के राडार पर हैं।सूत्रों का कहना है कि आयकर विभाग की दिल्ली बेनामी निषेध इकाई ने रतुल पुरी कंपनी समूह से संबंधित नॉन क्यूमुलेटिव कंपलसरी कनवर्टिबल प्रिफेरेंस शेयर्स (सीसीपीएस)/ इक्विटी शेयर्स को अस्थाई रूप से अटैच कर लिया है। ऑप्टिमा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीसीपीएस को एफडीआई निवेश के रूप में प्राप्त किया गया था।

## लैंगिक समानता, न्याय एवं गरिमा के लिए है तीन तलाक निषेध विधेयकः प्रसाद



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज राज्यसभा में कहा कि मुस्लिम समाज में प्रचलित तीन तलाक (तलाक - ए- बिद्दत) कु-प्रथा का निषेध करने से संबंधित मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2019 लैंगिक समानता, न्याय एवं गरिमा के लिए हैं और इससे लंबे समय चली रही एक कुरीति का खात्मा हो जाएगा।

प्रसाद ने सदन में यह विधेयक चर्चा के लिए पेश करते हुए कहा कि मौजूदा विधेयक में कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों की आपत्तियों का निराकरण कर दिया गया है। इस कानून के तहत दर्ज होने वाले मामले में जमानत हो सकेगी और संबंधित मामला केवल पीड़िता या उसके खून के रिश्तें के परिजन ही दर्ज करा सकेंगे। इसके अलावा अदालतें में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो सकेगा। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। यह विधेयक मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) द्वितीय अध्यादेश 2019 के स्थान पर लाया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार इस कानून को उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार बना रही है। न्यायालय ने वर्ष 2013 में सायरा बानो मामले में एक साथ तीन तलाक बोलकर विवाह समाप्त करने को गैर इस्लामी और गैर कानूनी करार दिया था और सरकार को इस संबंध में कानून बनाने को कहा था। उन्होंने कहा कि दुनिया के 26 मुस्लिम देश तीन तलाक कुप्रथा को गैर कानूनी घोषित कर चुके हैं। पड़ोसी देश बंगलादेश में भी यह गैर कानूनी है। सबसे पहले 1936 में मिस्र ने इस तीन तलाक कु-प्रथा को गैर कानूनी घोषित किया था।

प्रसाद ने कहा कि मामूली शिकायतों के आधार बनाकर तलाक दिये जा रहे हैं जिससे महिलाओं को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह इंसानियत का मामला है और इससे नारी को न्याय, समानता और गरिमा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है और इसे राजनीतिक चश्में से नहीं देखा जाना चाहिए और समाज के एक वर्ग को केवल वोट बैंक नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां आज के समय में ओलंपिक में पदक जीत रही है और लड़ाकू विमान उड़ा रही है। समाज के एक तबके की बेटियों को फुटपाथ पर नहीं छोड़ा जा सकता।

## नदियों में आने वाली बाढ़ का मुद्दा राज्यसभा में उठा

**» ढींडसा ने उठाया घग्घर का मामला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा में आज सदस्यों ने मानसून के दौरान नदियों में आने वाली बाढ़ और उससे होने वाले नुकसान का मुद्दा उठाया तथा सरकार से इस दिशा में कार्रवाई करने के मांग की। भारतीय जनता पार्टी के शिव प्रताप शुक्ल ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि मानसून के दौरान उत्तर भारत की अधिकांश नदियों में बाढ़ आती है और इससे हजारो गांव प्रभावित होते हैं । उन्होंने नदियों से गाद निकालने की मांग करते हुए कहा कि गाद के कारण नदियां उथली होती जा रही है । गर्मी में नदियां सूख जाती है । कुछ नदियां तो गायब होते जा रही है।

शिरोमणि अकाली दल के सुखदेव सिंह ढींडसा ने घग्घर नदी में आई बाढ़ से पंजाब के किसानों का हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की । इस नदी में सुधार के लिए 137 करोड़ रुपये की परियोजना बनायी गयी थी और इसके पहले चरण को पूरा किया गया था लेकिन इसके दूसरे चरण का काम राशि के अभाव में नहीं हो रहा है। समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव ने उत्तर प्रदेश के इटावा , मैनपुरी और औरैया जिले में कई नदियों के होने के बाद भी भूगर्भ जल के स्तर के गिरने का मुद्दा उठाया।

## सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 17 लोगों की मौत



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में मंगलवार अल सुबह पाकिस्तानी सेना का एक विमान आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में अब तक कम से कम 17 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि 12 लोग घायल हुए हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। माना जा रहा है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मारे गए लोगों में 5 सैनिक भी हैं। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी कर बताया कि हादसे में विमान के दोनों पायलट मारे गए हैं।

हादसे को देखते हुए रावलपिंडी के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। बचाव दल के सदस्यों ने बताया कि विमान हादसे में कम से कम 12 लोग घायल हैं जिसमें से कई की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय रावलपिंडी में हुए इस हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया है।

उधर, सेना ने अभी हादसे के कारणों के बारे में नहीं बताया है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि यह विमान प्रशिक्षण उड़ान पर था। इसी दौरान विमान रावलपिंडी के बाहरी इलाके में स्थित मोरा कालू गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टीवी चैनलों पर दिखाए जा रहे फुटेज में नजर आ रहा है कि विमान गिरने के बाद आवासीय इलाके में आग लग गई। इसमें कई घरों के तबाह होने की सूचना है। बचावकर्मियों ने बताया कि इस विमान ने अचानक अपना नियंत्रण खो दिया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अंधेरा होने की वजह से राहत और बचाव कार्य में बाधा आई।

## बाघों के लिए सबसे सुरक्षित है भारत, तीन हज़ार तक पहुंची संख्या

**» प्रधानमंत्री ने बाघ गणना रिपोर्ट जारी की**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विश्व बाघ दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में अपने आवास पर बाघों के अखिल भारतीय अनुमान-2018 के चौथे चक्र के परिणाम जारी किए।

सर्वेक्षण के अनुसार 2018 में भारत में बाघों की संख्या बढ़कर 2967 हो गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने इसे भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और बाघों के संरक्षण की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानमंत्री ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कार्य कर रहे विभिन्न हितधारकों की गति और समर्पण की सराहना की। उन्होंने इसे संकल्प से सिद्धि का एक उत्तम उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारत की जनता जब एक बार कुछ करने की ठान लेती है, तो कोई भी ताकत उसे वांछित परिणाम हासिल करने से रोक नहीं सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि करीब 3000 बाघों के साथ, भारत आज सबसे बड़ा और सुरक्षित प्राकृतिक वास हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आगे का रास्ता चयनात्मकता की बजाय सामूहिकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एक व्यापक आधार और समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच स्वस्थ संतुलन कायम करना संभव है। उन्होंने कहा,'हमारी नीतियों, हमारी अर्थनीतियों में, हमें प्राकृतिक संरक्षण के बारे में अपनी संवादात्मक भूमिका को बदलना होगा।'

भारत अपने नागरिकों के लिए कुछ और मकानों का निर्माण करेगा और साथ ही जीव-जंतुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राकृतिक वास भी बनाएगा। भारत के पास एक आकर्षक समुद्री अर्थव्यवस्था और एक स्वस्थ समुद्री पारिस्थितिकी होगी। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह संतुलन एक मजबूत और समग्र भारत के लिए योगदान देगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत आर्थिक और पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध होगा; भारत और अधिक सड़कों का निर्माण करेगा और उसकी नदियां साफ होंगी; भारत के पास बेहतर ट्रेन संपर्क होगा और पेड़ों की अधिक संख्या होगी।